लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2781

03 अगस्त, 2022 को उत्तर दिए जाने के लिए

वस्त्र उद्योग का विकास

2781. डॉ. पोन गौतम सिगामणि:
डॉ. अमोल रामसिंह कोल्हे:
श्री गजानन कीर्तिकर:
डॉ. सुभाष रामराव भामरे:
श्री सी. एन. अन्नादुरई:
श्री धनुष एम. कुमार:
श्रीमती मंजुलता मंडल:
श्री कुलदीप राय शर्मा:
डॉ. डी.एन.वी. सेंथिलकुमार एस.:
श्री सुनील दत्तात्रेय तटकरे:
श्रीमती सुप्रिया सदानंद सुले:
श्री जी. सेल्वम:

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने देश में वस्त्र उद्योग/क्षेत्र के विकास में तमिलनाडु, महाराष्ट्र और अंडमान और निकोबार द्वीप समूह सहित विभिन्न राज्यों के हिस्से का मूल्यांकन किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) केंद्र सरकार द्वारा देश में वस्त्र क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए क्या उपाय किए गए हैं/किए जाने हैं ताकि यह विदेशों के साथ प्रतिस्पर्धा कर सके तथा इस संबंध में अंतर्राष्ट्रीय कंपनियों से क्या सहयोग मांगा गया है; और

(ग) क्या सरकार का आगामी वर्षों में इस क्षेत्र के लिए निर्धारित वृद्धि लक्ष्य दर प्राप्त करने हेतु अपनी वस्त्र संबंधी नीतियों को पुनः तैयार करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

वस्त्र राज्य मंत्री

(श्रीमती दर्शना जरदोश)

(क) और (ख): तमिलनाडु, महाराष्ट्र और गुजरात जैसे राज्य वस्त्र क्षेत्र के प्रमुख योगदानकर्ता हैं। सरकार अखिल भारतीय आधार पर वस्त्र क्षेत्र के संवर्धन और विकास के लिए विभिन्न योजनाएं अर्थात संशोधित प्रौद्योगिकी उन्नयन निधि योजना (ए-टीयूएफएस), समर्थ- वस्त्र क्षेत्र में क्षमता निर्माण योजना, सिल्क समग्र-2, राष्ट्रीय हथकरघा विकास कार्यक्रम (एनएचडीपी), कच्चा माल आपूर्ति योजना (आरएमएसएस), राष्ट्रीय हस्तशिल्प विकास कार्यक्रम, राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन (एनटीटीएम), प्रधानमंत्री मेगा एकीकृत वस्त्र क्षेत्र एवं अपैरल पार्क (पीएम मित्र), वस्त्र के लिए उत्पादन संबद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना क्रियान्वित कर रही है ताकि देश में वस्त्र क्षेत्र को बढ़ावा दिया जा सके और यह विदेशों के साथ प्रतिस्पर्धा कर सके।

(ग): सरकार वस्त्र क्षेत्र के समग्र विकास के लिए नई वस्त्र नीति तैयार कर रही है। नई वस्त्र नीति हितधारकों के साथ परामर्श की प्रक्रिया में है और अभी तक इसे अंतिम रूप नहीं दिया गया है।

*****